# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.03.2025 प्रसारण समय : 07.20 बजे

---

**मुख्य समाचार :—**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक को किया संबोधित : कहा— सभी एक्सप्रेस—वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह बनाए जाएं अस्पताल।
2. प्रदेश के 22 हजार 700 गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करेगी राज्य सरकार : ग्राम पंचायतों को मिलेगी प्रबंधन की जिम्मेदारी।
3. रमज़ान का पवित्र महीना आज से शुरू, बाजारों में बढ़ी रौनक, प्रदेश भर में किए गए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम।

और

4. महिला प्रीमियर लीग 2025 के तीसरे चरण में कल गुजरात जायंट्स से होगा यूपी वारियर्ज का मुकाबला : प्रतियोगिता में बने रहने के लिए जीत जरुरी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के लिए सभी एक्सप्रेस–वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट

*सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक के नियमों को जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित साइनेज अवश्य लगाएं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

——————

प्रदेश सरकार ने राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का निर्णय लिया है। योजना के तहत पहले चरण मे प्रदेश की 22 हजार 700 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित

करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके बाद प्रदेश की हर ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी।

राज्य सरकार 4 लाख रुपये प्रति डिजिटल लाइब्रेरी पर खर्च करेगी। लाइब्रेरी के संचालन और प्रबंधन की ज़िम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपने का निर्णय लिया गया है।

————————

बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बिजनौर में एक निजी फैक्ट्री का शिलान्यास किया। नए संयंत्र में सात सौ पचास करोड़ रुपये के नए निवेश के साथ कृषि क्षेत्र में तेजी से बदलाव होने के आसार हैं। साथ ही सैकड़ों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस दौरान आकाशवाणी से बातचीत में वित्त मंत्री श्री खन्ना ने बताया कि राज्य 2029 तक एक ट्रिलियन डॉलर को अर्थव्यवस्था हो जाएगा। बाइट....

*मुख्यमंत्री जी इसके लिये बहुत डिटरमेंट हैं और बहुत ज्यादा प्रयत्नशील हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश को एक प्रोग्रेसिव स्टेट के रूप में डवलप किया है और मैं निश्चित समझता हूं कि 2029 तक ये प्लान है कि प्रत्येक गांव की कालोनी बनायी जाये।*

————————

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट संबंधी नियमों में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार एक अक्टूबर 2023 और

उसके बाद पैदा हुए पासपोर्ट आवेदकों के लिए उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म तिथि का एकमात्र प्रमाण होगा। पासपोर्ट नियम–1980 में संशोधन को जारी करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है।

———————

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज नोएडा में कहा कि महाकुंभ संपन्न हो चुका है। उन्होंने महाकुंभ आने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और इसकी सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन को दिया। बाइट..

*महाकुंभ सुव्यवस्थित सुंदर सम्पन्न हो चुका है। पूरे देश दुनिया ने महाकुंभ की सफलता का नजारा अपनी आंखों से देखा है। महाकुंभ में आये हुए सभी जिन लोगों ने वहां पर स्नान किया, वहां पहुंच करके दर्शन किया उन सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। माननीय मोदी जी का बहुत–बहुत आभार, उनके मार्गदर्शन में बेहतर ढंग से हमारी सरकार ने सारे इंतजामात कर लिये।*

———————

महाकुंभ के दौरान वाराणसी में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। काशी विश्वनाथ मंदिर के अनुसार इस दौरान तीन करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। इस दौरान महा तंदुल प्रसाद की बिक्री भी रिकॉर्ड तोड़ रही। जनवरी फरवरी के दौरान, विक्रय काउंटर के माध्यम से कुल एक हजार दो सौ सत्तर क्विंटल तंदुल महाप्रसाद का विक्रय हुआ। काशी

विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। बाइट....

*कई नवाचार इस बार किये गये थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं हैंडिल करने के लिए मंडलायुक्त महोदय द्वारा एक नया नवाचार स्थापित किया गया, जिसमें एक सोपानक्रमिक व्यवस्था में सीढ़ी गति प्लेटफार्म बनाये गये थे और चारो गेट पर लगाये गये जिससे हम तेजी से दर्शन करा सकें और श्रद्धालुओं का वेटिंग का जो टाइम था प्रतीक्षा हो रही थी वह घट सकी। गुड़ और पानी की व्यवस्था करना, छोटे बच्चों के लिए ओआरएस की व्यवस्था करना ग्लूकोज की व्यवस्था करना सब कुछ सम्मिलत था।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

रमज़ान का पवित्र महोना आज से शुरू हो गया है। रमज़ान इस्लामिक कैलेंडर का नौंवा महीना है और महीने के अंत में ईद–उल–फ़ितर मनायी जाती है। रमजान के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। वहीं प्रदेश भर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक

प्रशांत कुमार ने आज सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के दिशा–निर्देश दिये। पेश है एक रिपोर्ट..

*रमजान माह का पहला रोजा आज मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रखा। प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज धूप होने के कारण बाहर निकलने वाले रोजेदारों को कुछ परेशानी हुई। आज सूर्यास्त के बाद रोजा खोलते समय रोज़ादारों ने देश के अमन, चौन और आपसी सौहार्द के लिए दुआ की। रमजान की रात में अदा की जाने वाली तरावीह की विशेष नमाज में महिलाएं भी हिस्सा ले रही हैं। लखनऊ के ऐशबाग स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में महिलाए जमात के साथ तरावीह की नमाज अदा कर रही हैं। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया और इदारा ए शरइया फ़रंगीमहल ने रमजान से जुड़े सवालों के लिए एक हेल्पलाइन शुरू की है, जिस पर संपर्क करके लोग अपने सवालों के जवाब जान सकते हैं।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमज़ान शुरू होने पर लोगों को बधाई दी है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी रमजान शुरू होने की बधाई दी।

——————————

प्रदेश के हरदोई के रहने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने अफ्रीका की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या पर तिरंगा फहराकर नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही अभिनीत इस चोटी पर भारतीय ध्वज फहराने वाले पहले भारतीय पर्वतारोही बन गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*पर्वतारोही अभिनीत मौर्य अफ्रीका महाद्वीप की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या की चढाई के लिए दिल्ली से 26 फरवरी को नैरोबी के लिए रवाना हुए थे। नैरोबी पहुंचने के बाद अगले दिन माउंट केन्या नेशनल पार्क पहुंच कर चढ़ाई के लिए परमिशन ली और 27 फरवरी को माउंट केन्या की चढ़ाई प्रारम्भ की। एक मार्च की सुबह सात बजकर 20 मिनट पर उन्होंने चोटी पर भारतीय*

*ध्वज फहराया। हरदोई के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अभिनीत की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का जज्बा जनपद के युवाओं को प्रेरणा देता है।*

——————

**प्रदेश में हुए अलग–अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई। आगरा के थाना कागारौल इलाके में हुए एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया।**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में हुए सड़क हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उधर मुरादाबाद में आज हुए एक सड़क हादसे में तीन की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गये।**

——————

**महिला प्रीमियर लीग 2025 के तीसरे चरण में दीप्ति शर्मा की अगुवाई में यूपी वारियर्ज का मुकाबला कल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गुजरात जायंट्स की टीम से होगा। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए काफी अहम है। यूपी वॉरियर्ज ने अभी तक 5 मैच खेले हैं, जिसमें टीम को 2 में जीत और तीन में हार का सामना करना पड़ा है।**

——————